कार्यालय अधिशासी अभियन्ता
सिंचाई खण्ड, पी0एम0जी0एस0वाई0
ज्योलीकोट (नैनीताल)

Email ID :-eepmgsyjeyolikot@rediffmail.com/ ntl.pmgsy@gmail.com दूरभाष नं0 / फैक्स नं0 :– 05942–224034

पत्रांक : 320 /वनभूमि/ 2023–24 दिनांकः 1-06-2023

सेवा में

अपर प्रमुख
वन संरक्षक एंव नोडल अधिकारी,
वन संरक्षण इन्दिरानगर फॉरस्ट कालोनी, देहरादून

**विषयः–** **जनपद–नैनीताल में प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना (फेज–VIII) के अन्तर्गत लोहाली से थुवाब्लॉक मोटर मार्ग के निर्माण हेतु 4.9875 हे0 वनभूमि का गैर वानिकी कार्यो हेतु ग्राम्य विकास विभाग को प्रत्यावर्तन। (प्रस्ताव संख्या FP/UK/ROAD/23279/2016)**

**सन्दर्भः–** कार्यालय भारत सरकार पर्यावरण, वन एंव जलवायु परिवर्तन मंत्रालय क्षेत्रीय कार्यालय देहरादून का पत्रांकः–8बी/यू.सी.पी./06/07/2018/एफ.सी./1712 दि0 06.03.2023 ।

महोदय,

कृपया उपरोक्त विषयक सन्दर्भित पत्र के क्रम में अवगत कराना है कि लोहाली से थुवाब्लॉक मोटर मार्ग के निर्माण हेतु 4.9875 हे0 वनभूमि का गैर वानिकी कार्यो हेतु ग्राम्य विकास विभाग को प्रत्यावर्तन के सम्बन्ध में आपत्ति लगाई गयी थी। उक्त आपत्ति का निराकरण कर अनुपालन आख्या संलग्न कर आपको प्रेषित की जा रही है।

संलग्नः– उपरोक्तानुसार

अधिशासी अभियन्ता
सिं0ख0, पी0एम0जी0एस0वाई0
ज्योलीकोट (नैनीताल)

पत्रांक : /वनभूमि/ 2023–2024 तद्दिनांकः
प्रतिलिपिः प्रभागीय वनाधिकारी नैनीताल वनप्रभाग नैनीताल को सूचनार्थ प्रेषित।

अधिशासी अभियन्ता
सिं0ख0, पी0एम0जी0एस0वाई0
ज्योलीकोट (नैनीताल)

# कार्यालय प्रभागीय वनाधिकारी, नैनीताल वन प्रभाग,नैनीताल।

*E-mail:dfonainital@gmail.com* *Telefax.05942-236790*

पत्रांकः—4982 /12—1 लोहाली से थुवाब्लॉक दिनांक 31/05 /2023

सेवा में,

अधिशासी अभियन्ता,
सिंचाई खण्ड,
पी0एम0जी0एस0 वाई0,
ज्योलीकोट, नैनीताल।

**विषय :— जनपद—नैनीताल में प्रधानमंत्रीय ग्राम सड़क योजना (फेज—VIII) के अन्तर्गत लोहाली से थुवाब्लॉक मोटर मार्ग के निर्माण हेतु 4.9875 है0 वन भूमि का गैर वानिकी कार्यों हेतु ग्राम्य विकास विभाग को प्रत्यावर्तन। (प्रस्ताव संख्या FP/UK/ROAD/23279/2016)**

**महोदय,**

उपरोक्त विषयक पत्र के क्रम में प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के अन्तर्गत जनपद नैनीताल में लोहाली से थुवा ब्लॉक मोटर मार्ग के निर्माण हेतु वन क्षेत्राधिकारी, भवाली से आख्या मांगी गयी थी, जिसमें उनके द्वारा अपने पत्रांक 300/13—1 दिनांक 06.05.2023 द्वारा अवगत कराया गया है कि उक्त मोटर मार्ग में वृक्षों का छपान/पातन तथा मोटर मार्ग का कटान स्वीकृत समरेखण के अनुसार ही किया गया था। उक्त मोटर मार्ग के समरेखण में आने वाले वृक्षों का छपान/पातन तथा निर्माण कार्य वास्तविक संशोधित मैप स्वीकृत समरेखण के अनुसार ही किया गया है। निर्माण कार्य में वन संरक्षण अधिनियम 1980 का किसी प्रकार का उल्लंघन नहीं हुआ है।

वन क्षेत्राधिकारी, भवाली की आख्या के अनुसार आख्या/रिपोर्ट प्रतिहस्ताक्षरित कर प्रेषित की जा रही है।

**संलग्नक :— उपर्युक्तानुसार।**

भवदीय,

प्रभागीय वनाधिकारी,
नैनीताल वन प्रभाग, नैनीताल

# रिपोर्ट

प्रस्ताव संख्या FP/UK/ROAD/23279/2016 लोहाली से थुवाब्लॉक मोटर मार्ग भारत सरकार पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय देहरादून द्वारा दि0 06.03.2023 को आपत्ति में प्राप्त है, जिसमें सैद्धान्तिक स्वीकृति दि0 31.10.2018 में प्रदान की जा चुकी है तथा कार्यादेश जारी होने के पश्चात मार्गों में निर्माण कार्य किये जा चुके है अथवा जारी है, ऐसे प्रकरण में क्षेत्रीय कार्यालय पर्यावरण, वन भूमि जलवायु परिवर्तन मंत्रालय भारत सरकार द्वारा के0एम0एल0 में दर्शित संरेखण एवं वास्तविक कटान मे भिन्नता पायी जा रही है। सम्बन्धित प्रस्ताव में पाया गया है कि वृक्षों का छपान/पातन तथा मोटर मार्ग कटान कार्य तत्कालिन संक्षम अधिकारी अधीक्षण अभियन्ता, पी0एम0जी0एस0वाई0,वृत्त लो0नि0वि0 ज्योलीकोट द्वारा स्वीकृत समरेखण में किया गया है, जिसका मैप Detail Transit walk map भू–वैज्ञानिक द्वारा दी गयी विस्तृत भूगर्गीय निरीक्षण आख्या संलग्न है। जिसमें उक्त मोटर मार्ग का स्थलवर्णन विस्तृत रूप से किया गया है, जिसके अनुसार मार्ग कि स्थिति स्वीकृत समरेखण के अनुसार ही है। कई वर्षो से मार्ग स्वीकृत हेतु लम्बित होने के कारण मार्ग के विभिन्न वन भूमि प्रस्ताव भी स्वीकृति हेतु प्रेषित किये गये थे जिसमें 12.892 किमी0 लम्बाई हेतु के0एम0एल0 फाईल बनाई गई थी। उसे तकनीकी दक्षता तथा समयाभाव के कारण तत्काल अधिकारियों द्वारा त्रुटिपूर्ण के0एम0एल अपलोड कर दी गयी थी। वर्तमान में वास्तविक समरेखण के अनुसार संशोधित के0एम0एल0 फाईल तथा Geo Reference Map तैयार किया गया है, जिसके अनुसार प्रमाणित किया जाता है कि उक्त मोटर मार्ग के समरेखण में आने वाले वृक्षों का छपान/पातन तथा निर्माण कार्य वास्तविक संशोधित मैप स्वीकृत समरेखण के अनुसार ही किया गया है। निर्माण कार्य मे वन संरक्षण अधिनियम 1990 का किसी भी प्रकार उल्लघन नही हुआ है।

अतः नोडल अधिकारी एवं क्षेत्रीय कार्यालय भारत सरकार से अनुरोध है कि वास्तविक संशोधित के0एम0एल0 फाईल तथा Geo Reference को एन0आई0सी0 नई दिल्ली के माध्यम से ऑनलाईन पोर्टल मे अपलोड किये जाने हेतु अपने स्तर से आवश्यक कार्यवाही करने की कृपा करें।

| | | |
|---|---|---|
| कनिष्ठ/अ0सहा0अभियन्ता<br>सि0ख0, पी0एम0जी0एस0वाई0<br>ज्योलीकोट (नैनीताल) | सहायक अभियन्ता<br>सि0ख0, पी0एम0जी0एस0वाई0<br>ज्योलीकोट (नैनीताल) | अधिशासी अभियन्ता<br>सि0ख0, पी0एम0जी0एस0वाई0<br>ज्योलीकोट (नैनीताल) |

प्रभागीय वनाधिकारी
नैनीताल वन प्रभाग, नैनीताल.